राजस्थान ने मतदाता पहचान-पत्र से आधार संख्या जोड़ने में तीन करोड़ के आँकड़े को किया पार

चर्चा में क्यों?

30 अगस्त, 2022 को राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में एक अगस्त से चल रहे मतदाता पहचान-पत्र से आधार संख्या जोड़ने के अभियान में राजस्थान ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए तीन करोड़ के आँकड़े को पार कर लिया है।

प्रमुख बिंदु

- प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अब तक कुल 3 करोड़ 1 लाख 34 हज़ार 321 फॉर्म 6 बी के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं।
- 31 विधानसभा क्षेत्रों में 1.80 लाख से ज़्यादा आधार संख्या जोड़ी गई है, वहीं 7 विधानसभा क्षेत्रों में यह आँकड़ा 2.0 लाख को पार कर गया है।
- आधार संख्या जोड़ने में धौलपुर 85.23 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। सवाई माधोपुर 74.05%, गंगानगर 73.10%, नागौर 69.60%, अलवर 69.22% के साथ प्रदेश के अग्रणी ज़िले हैं।
- उन्होंने बताया कि राज्य का औसत प्रतिशत 59.33% है, वहीं सभी विधानसभा क्षेत्रों का औसत 1 लाख 50 हज़ार 672 है। किशनगढ़ बास 86.91%, डेगाना 86.19%, धौलपुर 85.67%, राजाखेड़ा 85.46%, बसेड़ी 85.25% के साथ अग्रणी विधानसभा क्षेत्र हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-crossed-the-figure-of-three-crores-in-linking-aadhaar-number-with-voter-id-card